बिहार सरकार
सहकारिता विभाग

पत्रांक................................./पटना, दिनांक.............................................
03/सह०ब०योजना (आवंटन)–02/2026

प्रेषक,

**(मो० अब्दुल रब खां)**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**निबंधक,**
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

**विषयः–** **वित्तीय वर्ष 2026–27 में केन्द्र प्रयोजित योजना प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स का) कम्प्यूटरीकरण योजनान्तर्गत केन्द्रांश राशि रू०–2,14,00,000/– (दो करोड़ चौदह लाख) एवं राज्यांश राशि रू० 1,42,66,667/– (एक करोड़ बयालीस लाख छियासठ हजार छः सौ सड़सठ) अर्थात कुल राशि रू० 3,56,66,667/– (तीन करोड़ छप्पन लाख छियासठ हजार छः सौ सड़सठ) मात्र के आवंटन के संबंध में।**

महाशय,

विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–187, दिनांक–22.06.2026 के आलोक में मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425 सहकारिता, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष– 108–अन्य सहकारी समितियों को सहायता मांग संख्या–09, उपशीर्ष–0201–प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) का कम्प्यूटरीकरण, विपत्र कोड–09–2425001080201, PFMS Code-4008, विस्तृत शीर्ष–52–मशीनें एवं उपस्कर, विषय शीर्ष–01–मशीनें एवं उपस्कर कार्यालय मद में रू० 3,56,66,667/– (तीन करोड़ छप्पन लाख छियासठ हजार छः सौ सड़सठ) रूपये का आवंटन दिया जाता है।

2. उपर्युक्त आवंटन वित्त विभाग के पत्र सं0–236/वि0, दिनांक–09.03.2026 के अंतर्गत बिहार विनियोग (संख्या–02) अधिनियम, 2026 एवं वित्त विभाग के पत्र संख्या–314/वि0, दिनांक–01.04.2026 के आलोक में दिया जा रहा है। वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561, दिनांक–17.04.1998 में निहित शर्त्तों/अनुदेशों का अनुपालन किया जाना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक होगा।

3. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
**(मो० अब्दुल रब खां)**
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–........................................

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को मुहरबंद लिफाफा में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–08 (आ)/पटना, दिनांक–24/06/26

प्रतिलिपिः– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय, निबंधक, स०स०, बिहार, पटना/उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/विपत्र लिपिक, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना (दो मूल प्रतियों में)/विभागीय आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/06/2026

सरकार के संयुक्त सचिव।

वि०